# मूसलाधार बारिश ने जयपुर के ड्रेनेज सिस्टम की पोल खोली, अधिकांश सड़कें जलमग्न

## बीते दो दिनों में जयपुर शहर में करीब 5 इंच से अधिक बारिश दर्ज, आज भी बारिश की संभावना

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राजधानी जयपुर में बीते 2 दिनों में पांच इंच बरसात दर्ज हुई है। आगामी 2-3 दिन बारिश दौर बने रहने की संभावना है। शनिवार रात से शुरू हुई बारिश थम-थमकर सोमवार को भी जारी रही। कभी तेज तो कभी मध्यम बारिश के कारण शहर की सड़कें जलमग्न हो गईं। जलमहल का पानी भी पाल लांघकर सड़क पर आ गया, वहीं डूब क्षेत्र की कॉलोनियों में जलभराव के कारण जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

सीकर रोड पर ढेहर के बालाजी क्षेत्र, एम.आई.रोड, परकोटा, कालवाड़ रोड, सिरसी रोड, कनकपुरा-खिरणी फाटक, मालवीय नगर में नंदपुरी अंडरपास और ब्रह्मपुरी नाले के पास जलभराव के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। शहर की अधिकांश सड़कें बारिश के कारण टूट चुकी है, जिन्हें दुरुस्त नहीं किए जाने के कारण बड़े-बड़े खड्ढे लोगों के लिए मुसीबत बन रहे हैं। साथ ही ट्रेफिक जाम की समस्या भी बढ़ गई है।

तेज बारिश के कारण द्रव्यवती नदी उफान पर बहने लगी है। यहां महारानी फार्म पर नदी का पानी पुलिया के ऊपर से बहने लगा। पुलिया पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई। पैदल जाने वाले लोग भी पुलिया के दोनों तरफ खड़े नजर आए। कुछ लोग जान जोखिम में डालकर गाड़ियों से पुलिया पार करते दिखे। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। बैरिकेडिंग कर गाड़ियों को सड़क पार करने से रोका।

सीकर रोड से ढेहर का बालाजी जाने वाली सड़क पर करीब तीन फीट तक पानी भर गया। इससे जाम की स्थिति बन गई। स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि सड़क पर पानी भरने से बड़े वाहन बस-कार निकलने पर दुकानों में पानी जाता है। इससे स्थानीय दुकानदार काफी परेशान है। यहां अतिक्रमण के कारण नालियां चौक हो चुकी है। इससे हर बारिश में यहां पानी भरता है। जिम्मेदारों को शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती।

यहां के पानी की निकासी अमानीशाह नाले से कनैक्ट कर दी जाए तो इस समस्या का समाधान हो जाएगा।

कालवाड़ रोड पर रावण गेट चौराहे से लेकर हाथोज तक मुख्य सड़क पर जगह-जगह पानी भरा हुआ है। ड्रेनेज सिस्टम नहीं होने के कारण मुख्य सड़क पर करीब 2 फीट तक पानी भरा हुआ है। सड़क में जगह-जगह गड्ढे होने के कारण आये दिन वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। ऐसा ही हाल खिरणी फाटक और सिरसी रोड का है। यहां भी कई कॉलोनियों में जलभराव के कारण लोगों को आवागमन में परेशानियां हो रही हैं।

मालवीय नगर के नंदपुरी अंडरपास में बारिश का पानी भरने के कारण आवागमन अवरूद्ध हो गया है, सोमवार को कई वाहन पानी के बीच में जाकर फंस गए, जिन्हें धक्का देकर बाहर निकालना पड़ा। मोतीडूंगरी रोड पर भी दुकानों में पानी भर गया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि हर बार बारिश पर यहां जलभराव की स्थिति नजर आती है। दुकानों में पानी भर जाता है, पानी के कारण सड़क और फुटपाथ की दूरी का अंदाजा नहीं लग पाता। इससे हादसे भी होते हैं। इसी तरह करतारपुरा नाले के पास बनी कॉलोनियों में पानी भरा नजर आया। नाले का पानी पुलिया के ऊपर से तेज बहाव में बहने लगा। यहां बैरिकेड्स लगाकर ट्रैफिक को बंद किया गया। यहां प्रशासन की ओर से नाले के पास जेसीबी से सफाई करवाई जा रही थी। हालांकि निगम कर्मचारी बारिश थमने का इंतजार करते नजर आए। नाले के पास बनी कॉलोनी में पानी भरा नजर आया।

स्थानीय पार्षद महेंद्र हिंगोनिया ने बताया कि तेज बारिश से पथिक भवन बागवान विहार में मिट्टी के कट्टे डलवाए गए। 500 मिट्टी के कट्टे निगम और 200 कट्टे जेडीए से मंगवाकर नाले के पास स्थित मकान के पास डलवाए गए हैं। करतारपुरा नाले से जो सड़क स्वेज फार्म की ओर जाती है। उसे पानी के तेज बहाव के कारण बंद करवाया गया।

वहीं मुहाना मंडी रोड पर केसर चौराहा के पास तेज बारिश से सड़क पर चार फीट गहरा और 15 फीट चौड़ा गड्ढा हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि सीवरेज में बारिश के पानी के रिसाव के कारण सड़क धंस गई। यहां मिट्टी डालने के लिए जो ट्रैक्टर आया था, उसका टायर भी सड़क धंसने से तीन फीट गड्ढे में चला गया। इसके बाद जेसीबी की मदद से ट्रैक्टर को बाहर निकाला गया।

परकोटे में चांदी की टकसाल से लेकर सुभाष चौक तक सड़क पर पानी भर गया। चांदी की टकसाल स्थित काले हनुमान जी मंदिर के बाहर पानी भर गया। यहां मंदिर में घुसने से पानी को रोकने के लिए तीन लेयर में लोह की बैरिकेडिंग की गई। इसके बावजूद पानी मंदिर के अंदर पहुंच गया। सड़क पर पानी भरे होने के कारण श्रद्धालु बाहर से ही भगवान के दर्शन किए। हाल ही में हैरिटेज मेयर ने यहां ड्रेनेज सिस्टम सुधारने का दावा किया था। स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां तेज बारिश में तीन-चार फीट पानी भर जाता है।

बारिश के दौरान एसएमएस अस्पताल के बाहर घुटनों तक पानी भर गया। यहां आने वाले मरीजों, उनके परिजन और डॉक्टर्स को पानी से होकर गुजरना पड़ा। एसएमएस हॉस्पिटल के अंदर भी डॉक्टर्स-ड्यूटी रूम और कुछ वार्डों में पानी टपकता रहा। मरीजों के साथ मौजूद परिवार के लोगों ने बताया कि साउथ विंग सेकेंड में हालात नहीं सुधरे हैं। यहां पानी ऊपर से टपक रहा है। इससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि रविवार को ड्यूटी रूम में शॉर्ट सर्किट भी हुआ था।



**सोमवार को लगातार तीसरे दिन तेज बारिश के कारण सीकर रोड स्थित ढेहर के बालाजी क्षेत्र में मुख्य सड़क पर 3 फीट तक पानी भरा रहा। इस दौरान यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ी।** फोटो-राष्ट्रदूत

- **टूटी सड़कों से गुजरना हुआ दूभर; गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे लोग, ट्रैफिक जाम की समस्या भी बढ़ी**
- **सीकर रोड पर ढेहर के बालाजी, जलमहल, नंदपुरी अंडरपास, कालवाड़ रोड समेत कई इलाकों में पानी भरा**

### जयपुर जिले के स्कूलों में आज भी रहेगा अवकाश

**जयपुर,** (का.सं.)। जयपुर शहर और जयपुर ग्रामीण में भारी बारिश को देखते हुए जिला कलेक्टर ने 13 अगस्त को अवकाश घोषित किया है। गौरतलब है कि 12 अगस्त को भी स्कूलों में अवकाश घोषित किया था। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मंजू शर्मा ने आदेश जारी किया है कि जयपुर शहर और जयपुर ग्रामीण के सभी राजकीय और गैर राजकीय विद्यालयों में कक्षा एक से 12 तक सभी छात्र-छात्राओं का मंगलवर को अवकाश घोषित किया जाता है। सभी संस्था प्रधान इस आदेश की पालना सुनिश्चित करेंगे।

## गलता कुंड में डूबने से 2 चचेरे भाइयों की मौत

- **दोनों युवक नहाने के लिए कुंड में उतरे थे, लेकिन बाहर नहीं निकल सके**

**जयपुर** । गलता गेट थाना इलाके में सोमवार को कावड़ लेने आए दो चचेरे भाइयों की गलता कुंड में डूबने से मौत हो गई। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि वह अपने दोस्तों के साथ कावड़ लेने के लिए गलताकुंड आए थे और नहाने के लिए छलांग लगाने पर दोनों भाई डूब गए।

सूचना मिलने पर पुलिस ने सिविल डिफेंस टीम की मदद से दोनों शवों को पानी से बाहर निकलवा कर पोस्टमॉर्टम के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल (एसएमएस) की मोर्चरी में भिजवा कर परिजनों को हादसे की सूचना दी गई। परिजनों की मौजूदगी में दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम कर उनके हवाले कर दिया गया। एसआई गिरिराज ने बताया कि गलताकुंड में डूबने से सवाई माधोपुर निवासी सोनू (20) और राहुल (23) की मौत हो गई। दोनों चचेरे भाई कानोता में मीना पालड़ी में रहते थे और सोमवार दोपहर को तीन दोस्तों के साथ गलताजी कावड़ लेने आए थे। गलताजी पहुंचते ही सीढ़ियों पर अपने तीनों साथियों को चढ़ता छोड़कर भागते हुए नहाने के लिए जनाना कुंड में छलांग लगा दी। कुछ देर बाद दोनों एक-दूसरे को पकड़कर पानी में डूबते दिखाई देने पर लोगों ने हंगामा मच गया। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने सिविल डिफेंस टीम को सूचना दी। सूचना मिलने पर सिविल डिफेंस टीम मौके पर पहुंची और कुंड में टीम को रेस्क्यू के लिए उतारा। सिविल डिफेंस टीम ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों चचेरे भाइयों के शवों को कुंड से बाहर निकाल कर सवाई मानसिंह अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया।

## सुरक्षा गार्ड ने की बच्ची से छेड़छाड़

**जयपुर** । विद्याधर नगर में पांच वर्षीय बच्ची से गंदी हरकत करने का मामला सामने आया है। परिजनों के साथ वह मंदिर में चल रहे कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। यहां मासूम को अकेला पाकर सुरक्षा गार्ड ने बाथरूम में लेकर जाकर गंदी हरकत की। पुलिस ने पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपित गार्ड को डिटेन कर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया कि हरमाड़ा निवासी युवक ने मामला दर्ज करवाया है कि विद्याधर नगर इलाके में स्थित मंदिर में परिचित ने रविवार को सहस्त्र घट का कार्यक्रम रखा था। रविवार दोपहर वह पत्नी और पांच वर्षीय बच्ची बेटी के साथ कार्यक्रम में शामिल होने मंदिर आए थे। रविवार देर शाम मंदिर परिसर में मासूम बेटी खेल रही थी। अकेला पाकर मंदिर के सुरक्षा गार्ड कंवर सिंह गुर्जर निवासी सुमेलपुर जिला दौसा ने मासूम को अपने पास बुलाकर बाथरुम में ले जाकर गंदी हरकत की। कुछ देर बाद मां के पास लौटी मासूम ने आरोपी की करतूत बताई, जिसके बाद लोगों ने उसकी पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया।

## घटिया होने के संदेह पर 1200 लीटर घी सीज



**जयपुर** । खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में सोमवार को को इंदौर से जयपुर लाए जा रहे 1200 लीटर से अधिक घी को अमानक और घटिया होने के संदेह पर सीज किया गया।

अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि मदर चॉइस ब्रांड का 705 लीटर एवं मिल्क क्रीम ब्राण्ड का 540 लीटर घी सैंपल लेने के बाद सीज किया गया है। यह घी इंदौर से बस में रखकर जयपुर लाया जा रहा था, जिसे अलग-अलग जगह सप्लाई किया जाना था। जून 2024 माह में भी इस पर कार्रवाई कर नमूने लिए गए थे, जो अमानक पाए गए थे। कार्रवाई में सीएमएचओ प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रतन गोदारा, पवन गुप्ता और नरेंद्र शर्मा शामिल रहे।

## 'घुमंतू-अर्द्ध घुमंतू परिवारों को मिलेंगे ऑनलाइन पट्टे'

**जयपुर** । पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि घुमंतू एवं अर्द्ध घुमंतू जाति के परिवारों को 2 अक्टूबर को एक साथ ऑनलाइन पट्टे दिये जायेंगे। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि विभागीय योजनाओं के लक्ष्यों को त्वरित गति से समय पर पूरा करें। दिलावर सोमवार को शिक्षा संकुल में पंचायती राज विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को "हरियालो राजस्थान" अभियान को सफल बनाने के लिए बधाई दी। स्वच्छ भारत मिशन अभियान के बारे में मदन दिलावर ने कहा कि हिंदुस्तान में राजस्थान सबसे स्वच्छ राज्य दिखना चाहिए। जिनके पास शौचालय नहीं है उनका सर्वे किया जाये। ग्रामीण परिवारों को चिन्हित करके शौचालय बनाने और उनका उपयोग करने के बारे में जागरुक करें। प्रदेश में अब तक 1 करोड़ 9 लाख शौचालय बनाये जा चुके है। तरल कचरा प्रबंधन के लिए पॉलिसी बनाकर काम करने और नालियों में ढलान देने के लिए कहा।

## शिक्षा में निजी क्षेत्र में फर्जीवाड़ा नहीं हो, संदेश स्पष्ट जाना चाहिए कि 'सुधरो नहीं तो बंद कर दिया जाएगा' : राज्यपाल

### राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने विश्वविद्यालयों में रिक्त पद भरने के निर्देश दिए

**जयपुर,** (का.सं.)। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की नेक रैंकिंग हेतु 15 दिन में टीम बनाने, प्रति वर्ष 8 विश्वविद्यालयों की नेक रैंकिंग करवाने और पांच वर्ष में सभी विश्वविद्यालयों की नेक रैंकिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने राज्य के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में रिक्त पदों की जानकारी लेते हुए वहां रिक्त पदों को भरने की कार्यवाही त्वरित किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों में बौद्धिक क्षमता बढ़ाने और कॉपी मुक्त शिक्षण संस्थान स्थापित करने के लिए भी कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने तकनीकी शिक्षा के अंतर्गत राज्य के उद्योगों की मांग के अनुसार पाठ्यक्रम निर्मित कर युवाओं को दक्ष किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने तकनीकी शिक्षण संस्थानों की साख बढ़ाकर नामांकन वृद्धि के प्रयास किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वह परिणाम चाहते हैं, इसके लिए सभी प्रयास करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिक्षा में अनियमितता नहीं होनी चाहिए। निजी क्षेत्र में भी फर्जीवाड़ा नहीं होना चाहिए। यह संदेश जाए कि सुधरो नहीं तो संस्थान बंद करवा दिया जाएगा। उन्होंने राज्य के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की नेक रैंकिंग के आवेदन के लिए वहां का सर्वे करवाकर कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने इस संबंध में अभियान चलाकर प्रति वर्ष न्यूनतम 8 से 10 विश्वविद्यालयों की नेक रैंकिंग के लक्ष्य निर्धारित कर कार्यवाही करने का भी आव्हान किया। बागडे ने सोमवार को राजभवन में उच्च, तकनीकी और संस्कृत शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में संबोधित कर रहे थे। बैठक में उप मुख्यमंत्री और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री डा. प्रेमचंद बैरवा भी उपस्थित रहे।

राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का बौद्धिक स्तर बढ़ाने के लिए प्रयास हो। उन्होंने उच्च शिक्षा में गुणवत्ता वृद्धि के लिए प्रभावी कार्य करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने कौशल शिक्षण के लिए विशेष प्रयास करने, महाविद्यालयों की संख्या वृद्धि के स्थान पर मौजूदा उच्च शिक्षण संस्थानों में गुवतापूर्ण शिक्षा पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता जताई। बैठक में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव सुबीर कुमार ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के राज्य परिदृश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त पुखराज सेन और संस्कृत शिक्षा विभाग की सचिव डा. पूनम ने विभागीय प्रस्तुति दी। राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल ने उच्च, तकनीकी और संस्कृत शिक्षा से जुड़े महती विषयों के बारे में अवगत कराया। बैठक में बड़ी संख्या में विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।



**राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सोमवार को राजभवन में उच्च-तकनीकी और संस्कृत शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। उनके साथ उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा व कई अधिकारी मौजूद थे।**

## कांग्रेस का हाथ हिंदुओं व भारत के विरूद्ध करता है काम : मदन राठौड़

- **उन्होंने कहा कि 'बांग्लादेश में हिन्दुओं का नरसंहार चिंतनीय, अन्तरराष्ट्रीय बिरादरी इसमें दखल दें।'**
- **मदन राठौड़ ने कहा कि, गाजा में इजराइली हमले पर हाय-तौबा मचाने वाला विपक्ष बांग्लादेश में हिन्दू नरसंहार पर मौन क्यों है?'**

**जयपुर** । भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद मदन राठौड़ ने बांग्लादेश में हो रही हिन्दुओं सहित वहां के अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की हत्याओं और उत्पीड़न पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। राठौड़ ने कहा कि हाल ही की घटनाओं ने इस क्षेत्र में हिन्दुओं के खिलाफ लक्षित हिंसा के नए और खतरनाक पैटर्न देखा गया है जो बेहद चिंताजनक है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि मेहरपुर का इस्कॉन मंदिर हो या बांग्लादेश के हिन्दू मंदिरों में तोड़फोड करना हो या निहत्थे हिन्दुओं की बर्बरता पूर्वक हत्या करनी हो या फिर महिलाओं के साथ दुष्कर्म करना हो इन सब घटनाओं का जिस प्रकार वीडियो बनाकर दंगाई जश्न मना रहे हैं, वह मानवता पर कलंक है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं ने बार-बार उत्पीड़न झेला है, ऐसी घटनाएं राजनीतिक अस्थिरता के दौर में ओर बढ़ जाती है। वर्तमान दौर की घटनाएं 1971 के बांग्लादेश के गठन के उस दौर की याद दिलाती है जब पाकिस्तानी शासन द्वारा 2.5 मिलियन हिन्दुओं की हत्या कर दी गई थी। राठौड़ ने कहा कि जिस मांग को लेकर वहां आंदोलन हो रहा था, उसमें बतौर नागरिक हिन्दू भी आंदोलनकारियों के साथ थे, परन्तु सत्ता परिवर्तन के बाद जिस तरह हिन्दू समाज को निशाना बनाया जा रहा है, उससे लगता है कि वो सिर्फ राजनीतिक आंदोलन नहीं, बल्कि मजहबी आधार पर हिन्दुओं के नरसंहार की सोची, समझी साजिश का हिस्सा है। उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि बांग्लादेश के एक पत्रकार ने राहुल गांधी की बांग्लादेश के एक बड़े नेता के साथ गोपनीय बैठक करने की बात कहीं है। वह इस बात को इंगित करती है कि कांग्रेस और कांग्रेस के नेता देश की सुरक्षा तथा हिन्दुओं के हितों की अपने लाभ के लिए बलि लेने को भी तैयार है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का चीनी दूतावास में जाकर ऐसे समय में चर्चा करना जब देश की सरहद पर भारत के जवान चीनी सेना के आमने सामने थे, वह घटना कोई भी राष्ट्रवादी भारतीय भूल नहीं सकता। मदन राठौड ने बांग्लादेश के हिन्दुओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए अन्तरराष्ट्रीय बिरादरी के दखल की आवश्यकता जताई।

## सार-समाचार

### अर्पित काला को मुंबई में अवार्ड मिला




**जयपुर** । जयपुर के अर्पित काला को हाल ही में मुंबई में आयोजित दुनिया के दूसरे सबसे बड़े जेम्स और ज्वैलरी बी-टू-बी शो, इंडिया इंटरनेशनल ज्वैलरी शो के 40वें संस्करण में "द ब्राइट टैलेंट्स इन 40 अंडर 40" अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें यह अवॉर्ड जेम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल द्वारा ज्वैलरी इंडस्ट्री पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने के लिए प्रदान किया गया। अर्पित काला इंडियन ज्वैलर मैग्जीन के एसोसिएट एडिटर और कोट्यािर इंडिया ज्वैलरी शो के आयोजक भी हैं। अर्पित ने वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के सचिन जैन और इंडिया इंटरनेशनल ज्वैलरी शो, मुंबई के संयोजक, नीरव भंसाली द्वारा यह सम्मान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि "यह मेरे लिए ही नहीं बल्कि पूरे जयपुर जेम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री के लिए गर्व का क्षण है। जयपुर के रत्न और आभूषण देश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में प्रसिद्ध हैं।

### शांति लाल जैन का अभिनंदन किया



**जयपुर** । जैन बैंकर्स रत्न शांतिलाल जैन, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, इंडियन बैंक एवं डिप्टी चेयरमैन आईबीए ने सपत्नीक कीर्तिनगर जैन मंदिर में विराजित मुनिराज समत्व सागर महाराज को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पार्श्वनाथ मोक्ष कल्याणक के अवसर पर धर्मसभा में आपने चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्जवलन किया एवं अर्घ वाचन के साथ भक्तिभाव से मोक्ष कल्याणक लड्डू अर्पित किया। मुनिराज के प्रवचन का लाभ भी प्राप्त किया। इस अवसर पर जैन बैंकर्स फोरम से अध्यक्ष भागचंद जैन, कार्याध्यक्ष पदम बिलाला, संरक्षक प्रदीप जैन लाला, संयोजक सुकेश काला, नवीन जैन, धर्म चंद जैन आदि ने शांति लाल जैन एवं उनकी धर्म पत्नि सपना जैन को माला, दुपट्टा, शाल एवं साफा पहनाकर स्वागत किया एवं जयपुर फोरम द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी से अवगत कराया गया, जिसकी उन्होंने वर्तमान में आवश्यकता बताई ।

### लैब ग्रोन हीरों की मांग : राजू मंगोड़ीवाला



**जयपुर** । मुंबई के बॉम्बे एक्जीबिशन सेंटर पर 9 अगस्त से इंडिया इंटरनेशनल ज्वैलरी शो के 40वें संस्करण व दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा रत्न और आभूषण बी-टू-बी शो का आयोजन किया गया। जिसमें विश्व भर के व्यापारी ज्वैलरी की ख़रीद-फ़रोख़्त करते है। जयपुर ज्वैलर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष व 'जस' शो के को-कन्वेयनर राजू मंगोड़ीवाला ने बताया कि इस शो में जयपुर के ज्वैलर्स की बड़ी भूमिका रही। उन्होंने कहा कि आने वाला समय लैब ग्रोन डायमंड का होगा। हर घर डायमंड की मुहिम अब पूरे देश में चल पड़ी है, क्योंकि दुनिया के सबसे बड़े लैब ग्रोन मैन्युफैक्चरर्स ग्रीन लैब ज्वैल्स के मालिक संकित पटेल व विपुल पटेल ने बताया कि अब हिंदुस्तान में भी लोग बहुत ही तेज़ी से लैब ग्रोन डायमंड ख़रीदने लगे हैं। आम आदमी भी 1-2 कैरेट डायमंड आसानी से पहन सकेंगे, क्योंकि ये रियल डायमंड की कीमत से 10 प्रतिशत कीमत पर ही उपलब्ध हो जाता है।

### विनोद दासारी जेटवर्क बोर्ड में शामिल



**जयपुर** । कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग के लिए दुनिया के सबसे बड़े बाज़ार के रूप में स्थापित 'ज़ेटवर्क' अपने कस्टमर्स तथा स्टेकहोल्डर्स को बेहतर सेवा देने के लिए विस्तार कर रहा है। अपनी विस्तार योजना के तहत ही प्लेटफ़ॉर्म ने अपनी लीडरशिप को मजबूत करने के लिए विनोद कुमार दासारी को बोर्ड में शामिल करने की घोषणा की है। जेटवर्क के बोर्ड में दासारी जी ऐसे समय में शामिल हुए हैं, जब कंपनी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, एयरोस्पेस, रिन्यूवेबल्स और इंडस्ट्रियल जैसे प्रमुख क्षेत्रों में रणनीतिक रूप से तेजी से बढ़ रही है। अपनी नियुक्ति पर विनोद कुमार दासारी ने कहा, मुझे मैं जेटवर्क के बोर्ड में शामिल होने पर काफी खुशी हो रही है। मैं जेटवर्क के बोर्ड में शामिल होने के साथ एक ऐसी कंपनी का हिस्सा बना हूं जो मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में इनोवेशन के लिए जानी जाती है। ज्ञात रहे कि दासारी के पास ऑटोमोबाइल और इंजीनियरिंग जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में मैन्युफैक्चरिंग बिज़नेस को आगे बढ़ाने और बड़े स्तर तक ले जाने का लगभग 4 दशकों का अनुभव है। जेटवर्क बोर्ड में शामिल होने से पहले दासारी, निजी इक्विटी फर्म एडवेंट इंटरनेशनल, रॉयल एनफील्ड और अशोक लेलैंड जैसी बड़ी फर्मो में भी महत्वपूर्ण योगदान दे चुके हैं।

### जेडीए में सजाई बर्फानी बाबा की झांकी

**जयपुर** । जयपुर विकास प्राधिकरण परिसर में स्थित महाकाल मंदिर में सोमवार को फल-फूलों व बर्फानी बाबा की 15वीं झांकी सजाई गई। कार्यक्रम में हजारों भक्तों एवं आमजन ने प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर जेडीए के मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र शर्मा, ओलंपियन एथलेटिक्स खिलाड़ी सपना पूनिया, जेडीए अधिकारी एवं कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष बाबू लाल मीणा, राधेश्याम तंवर अध्यक्ष सुप्यार देवी फाउंडेशन, अजय सिंह तंवर, मेघना तंवर सहित गणमान्य अतिथि भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में भगवान के भजन शांत वातावरण में गुंजायमान हो उठे, जो उपस्थित लोगों के दिलों और आत्मा को छू गए। कार्यक्रम में आए सभी लोगो ने कार्यक्रम के आयोजन को अति सुंदर बताया।

### शाला स्वास्थ्य परीक्षण मोबाइल एप लॉंच

**जयपुर** । शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सोमवार को शिक्षा संकुल में राजकीय विद्यालयों मे पढ़ने वाले बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शाला स्वास्थ्य परीक्षण मोबाइल एप का शुभारंभ किया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल, निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी, निदेशक प्राथमिक शिक्षा सीताराम जाट सहित विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। शाला स्वास्थ्य परीक्षण मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए सरकारी स्कूलों के 81 लाख बच्चों और 72 हजार विद्यालयो में स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा। एप्लीकेशन के माध्यम से 70 प्रश्नों के आधार पर पेपरलेस सर्वेक्षण कर बच्चों में रोग की पहचान कर सलाह दी जा सकेगी। सर्वेक्षण 12 से 31 अगस्त, 2024 के दौरान प्रदेश के स्कूलों मे किया जायेगा।